कल्याणकारी योजनाओं से विपक्ष विचलित एवं भयभीत : देवेंद्र दत्ता

पानीपत/कौशिक : भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता प.देवेंद्र दत्ता ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा गरीब कमजोर एवं वंचित वर्ग के कल्याण हेतु सरकारी नौकरीयों में 5 अंक का प्रावधान तय किया था, इस योजना से हजारों परिवारों को लाभ मिलना तय है। परंतु विपक्ष का एक भर्ती रोको गैंग अपनी ओछी मानसिकता से भ्रामक प्रचार करने लग गया है की भर्तियां रद्द होगी। यद्यपि भाजपा सरकार इस विषय पर सशक्त भूमिका निभा रही है।

करनाल में चलती कार बनी आग का गोला

सड़क किनारे लगे पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

करनाल/डा. हरीश चावला : करनाल जिला के बड़ा गांव के नजदीक शनिवार को एक स्विफ्ट कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरी कार धूं-धूं कर जल गई। आग इतनी भयंकर थी कि सड़क के किनारे लगे पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ।मिली जानकारी के अनुसार, करनाल के लबकरी गांव का रहने वाला विशाल अपने घर से करनाल किसी काम आ रहा था। जैसे ही कार बड़ा गांव के नजदीक पहुंची तो कार के बोनट में धुआं उठने लगा। तभी विशाल ने अपनी कार को सड़क के किनारे खड़ा किया और कार में रखा अपना कीमती सामान निकाल कर पीछे हट गया। इसके तुरंत बाद ही कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। सड़क के बीच कार में आग लगती देख मार्ग से गुजर रहे वाहनों के भी ब्रेक लगने शुरू हो गए। ड्राइवर ने मामले की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दे दी। विशाल ने बताया कि उसकी करनाल में दुकान है और स्टील का सामान लेकर वह अपनी दुकान पर जा रहा था। तभी मुझे धुआं नजर आया। कंडक्टर साइड में डेश बोर्ड में गंध आई और उसने तुरंत गाड़ी को रोक लिया। साथ ही गाड़ी को अनलॉक कर दिया, क्योंकि सेंटर लॉक गाड़ी थी। अगर समय पर अनलॉक नहीं करता तो लॉक हो सकती थी। जैसे ही उसने गाड़ी की चाबी निकाली तो आग लग गई। कार पूरी तरह से जल चुकी है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर आ गई और आग पर काबू पा लिया। बता दें कि दो दिन पहले भी बड़ा गांव के मंदिर के नजदीक एक गाड़ी में आग लग गई थी। उसमें भी ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए गाड़ी को साइड में लगा दिया था। इसमें भी कोई जानी नुकसान नहीं हुआ था। मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि बड़ा गांव के नजदीक गाड़ी में आग लगी थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया है।

सड़क किनारे धूं-धूं कर जलती कार।

चुनाव परिणाम घोषणा के 1 माह के भीतर जमा करना होगा चुनावी खर्च

नरवाना/नरेन्द्र जेठी: लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को मंगलवार 4 जून को चुनाव परिणाम घोषित होने के एक माह के अंदर अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा जमा करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समयावधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार लोकसभा आम चुनाव के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए प्रति उम्मीदवार तय की गई थी। उन्होंने बताया कि नियमानुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इसके लिए उम्मीदवार को अलग से एक रजिस्टर में अपने रोजाना के चुनावी खर्च का हिसाब रखना होता है। इसके साथ ही अलग से बैंक खाता भी खुलवाना होता है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक खर्च की गणना चलती है। कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकता।

मारकंडा बांध रिपेयर न होने से शाहाबाद पर बाढ़ का खतरा

अधिकारी दे रहे आचार संहिता का हवाला

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद/दुग्गल : गत वर्ष अंबाला के बराड़ा उपमंडल के गांव हेमा माजरा में मारकंडा नदी का टूटा बांध आज भी लाखों लोगों के लिए आफत का पर्याय बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा इस बार भारी मानसून की भविष्यवाणी के चलते बांध के समय रहते निर्माण न होने से हेमा माजरा से लेकर अनेक गांवों से होते हुए शाहाबाद सहित कुरुक्षेत्र तक के लाखों लोगों की नींद उड़ी हुई है। इन सब के बीच बात चाहे सिंचाई विभाग के अफसर की हो अथवा इससे संबंधित अन्य आला अधिकारियों की, पिछले साल जुलाई माह में आई प्रलय के 1 साल बीत जाने के उपरांत भी प्रशासन ने विषय का गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया। आलम यह है कि बांध के निर्माण को लेकर अधिकारी कभी लंबी पेचीदा सरकारी प्रक्रिया का हवाला देते हैं, तो कभी जमीन के अधिग्रहण को लेकर इधर-उधर की बातें बना कर गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। यहां तक कि इस वर्ष फरवरी मास में सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में हुई ग्राम सभा की बैठक में किसानों की सहमति के बावजूद आज अधिकारी आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर विषय को लटकाने पर तुले हैं।

प्रकल्प का लगभग पूरा मसौदा तैयार, बस बांध का है इंतजार - वर्ष 2023 में जुलाई मास में आई बाढ़ के फौरन बाद से इस मुद्दे के साथ प्रमुख रूप से जुड़े किसान अशविंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने इस केस से संबंधित सभी दस्तावेज इकट्ठे करके समय-समय पर विभाग के चक्कर लगाए हैं। अभी फरवरी 2024 में ग्राम सभा में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के समक्ष इस प्रकल्प का लगभग पूरा मसौदा तैयार हो गया था। अशविंदर सिंह ने बताया कि उस समय अधिकारियों ने उन्हें टैंडर होने के उपरांत 15 दिन में यानि गेहूं की कटाई के बाद तुरंत बांध बनाने की बात कही थी, लेकिन आज सवा 2 महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि बाद में जब अधिकारियों से उनकी बात हुई, तो वे चुनावों के चलते आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर बांध को अक्तूबर-नवंबर तक बनाने की बात कर रहे हैं।

जानकारी देते गांव हेमा माजरा के ग्रामीण।

संक्षिप्त खबरें

स्ट्रांग रूम के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट किए नियुक्त

कुरुक्षेत्र/दुग्गल: जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जारी आदेश में कहा कि चुनाव आयोग भारत व मुख्य चुनाव अधिकारी हरियाणा द्वारा समय-समय पर जारी लोकसभा आम चुनाव-2024 जो कि गत्त 25 मई को संपन्न हो गए है, के दिशा-निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम के लिए अधिकारियों को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इन आदेशों के तहत उपमंडल अधिकारी नागरिक लाडवा एवं एआरओ 11-लाडवा, उपमंडल अधिकारी नागरिक शाहबाद एवं एआरओ 12-शाहबाद, उपमंडल अधिकारी नागरिक थानेसर एवं एआरओ 13-थानेसर व उपमंडल अधिकारी नागरिक थानेसर एवं एआरओ 14-पिहोवा 4 जून तक अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी होंगे, जिसमें चौबीसों घंटे स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कवरेज भी शामिल है। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने कहा कि इसी प्रकार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम के लिए 1 जून से 4 जून तक राउऊड दि क्लॉक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें सामुदायिक केंद्र में लाडवा व शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक डीडब्लयूओ कमल धीमान व डीएसपी मुख्यालय एचपीएस अशोक कुमार तथा रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक पीडब्ल्यूडी बीएंडआर डिवीजन-2 के एक्सईन अमित तथा डीएसपी सिटी एचपीएस ओमप्रकाश की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार शूटिंग हॉल में थानेसर व पिहोवा विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रुम में सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक डीएचओ सत्या नारायाण व डीएसपी मुख्यालय एचपीएस अशोक कुमार तथा रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक पीडब्लयूडी बीएंडआर डिवीजन-1 के एक्सईन राजकुमार व डीएसपी सिटी एचपीएस ओमप्रकाश की डयूटी लगाई गई है।

लॉन टैनिस खिलाड़ी खुशी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीता गोल्ड

सोनीपत/नफेसिंह सैनी : नेपाल में आयोजित साउथ एशियन अंडर-12 लॉन टेनिस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत की होनहार लॉन टैनिस खिलाड़ी खुशी कादयान ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। खुशी कादयान ने प्रतियोगिता में अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नेपाल, मालदीव, बांग्लादेश की टीमों को एकतरफा मुक़ाबले से हराते हुए टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रतियोगिता में आठ देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। खुशी कादयान की इस स्वर्णिम जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

प्रसिद्ध समाज सेवी व उद्योगपति राकेश देवगन का निधन

सोनीपत/नफेसिंह सैनी : राई इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और प्रसिद्ध समाज सेवी राकेश देवगन का निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनते ही पूरे शहर से सैंकडो लोगों की भीड उनके अंतिम दर्शन को उनके निवास स्थान पर पहुंची। सैक्टर-15 स्थित शमशान घाट पर उनका अतिम संस्कार किया गया। राकेश देवगन शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे हैं वह रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत मिडटाउन, समाज सेवा समिति, लॉयसं कल्ब आदि अनेक समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े हुए थे। वह सदैव समाजसेवा में अग्रणी रहने वाले व्यक्ति थे। दो दिन पहले राई इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्टरी में आग लगने के दौरान मदद कर रहे थे कि अचानक बॉयलर फट गया तथा अन्य लोगो के साथ राकेश देवगन भी चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए थे। उनका दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के सैंकडो समाजसेवी व राजनेता शामिल हुए। उनको श्रद्धांजलि देते हुए मेयर निखिल मदान ने कहा कि राकेश देवगन का निधन पूरे सोनीपत के लोगों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका पूरा जीवन समाज सेवा में समर्पित रहा तथा अंतिम समय में भी अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की मदद करते हुए जान पर खेल गए व कई लोगो की जान बचाते हुए अपने प्राणों की बलि दे दी। उनकी कमी सोनीपत वासियों को हमेशा खलेगी।

जरूरत के समय ही खर्च करें बिजली : युवराज

इंद्री/अनेजा: बिजली निगम के एसडीओ युवराज राठौर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि लगातार बढ़ रहे तापमान से एयर कंडीशन व ट्रांसफार्म में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में आमजन को एहतियात बरतते हुए जरूरत के समय ही एसी चलाना चाहिए। लगातार एयर कंडीशन चलाने के कारण ट्रांसफार्म पर अनावश्यक लोड बढ़ता है जिस कारण ट्रांसफार्म में लाग लग जाती है। इसलिए जरूरत के अनुसार ही एयर कंडीशन का प्रयोग कर बिजली निगम का सहयोग करें। एसडीओ युवराज राठौर ने बताया कि निगम की ओर से हैल्पलाइन नंबर 9315722038 व 1912 जारी किया गया है। बिजली की समस्या होने पर आमजन हेल्पलाइन न0 पर संपर्क कर सकता है जिसका तुरंत समाधान किया जाएगा।

नदी, नहर व रजवाहों में नहाने व कपड़े धोने पर पाबंदी

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

पानीपत/कौशिक : एडीसी डा. पंकज ने दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत तुरंत प्रभाव से यमुना नदी, जिला के सभी रजवाहो, वाटर चैनल पर नहाने या कपड़े धोने पर पाबंदी लगाने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस द्वारा नहरों, रजबाहों के आसपास लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। उक्त आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं डा. पंकज ने जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिए की जिले में जिन नदियों के ब्रिज पर खतरा है वहां पर नहरी विभाग के अधिकारी निगरानी बरते। बच्चों को वहां न जाने दे। उन्होंने बताया कि बच्चे अक्षर गर्मी में राहत के लिए नदियों में नहाने के लिए घर से निकल जाते हैं व तैरने के अभाव में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इस प्रकार की दुर्घटना ना घटे। इसको लेकर जिले में तत्काल प्रभाव से धारा 144 लागू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बड़ी नहरों पर बच्चे अक्षर गर्मी से राहत पाने की उम्मीद को लेकर नहाने के लिए नहर पर निकल जाते हैं। इनमें कई बच्चे ऐसे भी होते हैं जो तैरना नहीं जानते व दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इस प्रकार की जिले में दुर्घटना ना घटे इसको लेकर हिदायत बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है।

कोई भी बच्चा अगर बड़ी नहरों में नहाता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अभियंता नहरी विभाग अधीक्षक अभियंता सुरेश व पब्लिक हेल्थ के एक्सियन संजय शर्मा भी उपस्थित थे।

खुद के बदलने से ही बदलाव संभव : निशा

पानीपत/कौशिक: ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा जिले के समालखा ब्लॉक में जिला स्तर पर टीम चेंज लीडर व युवाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में पानीपत व सोनीपत जिले से 21 युवाओं ने भाग लिया। उसके साथ ही ब्रेकथ्रू से मनोज व सुशील ने युवाओं के साथ उनके सपनों को लेकर बातचीत की। इसके साथ ही रजापुर समुदाय से भारती टीसीएल ने कहा हमें अपने समुदाय में बदलाव के लिए सभी के साथ की जरूरत है व खुद के लिए भी बदलाव तभी होगा ओर इसकी शुरुआत हमें अपने घर से करनी होगी जो मैंने अपने जीवन में की है। तेवरी गांव से टीसीएल राकेश ने प्रशिक्षण के दौरान कहा की यह समाज हमें बंधनों में बांधता है। जिसके कारण हम अलग तरह से नहीं सोच पाते जिसका सीधा प्रभाव हमारे सपनों पर पड़ता है। जिला संयोजक निशा ने कहा कि भेदभाव को हम सभी को पहचान करने की जरूरत है, हम तभी उस पर बात कर सकते हैं व उसको रोक सकते हैं। इस अवसर पर ब्रेकथ्रू स्टाफ व सभी समुदायों के टीसीएल शामिल रहे।

इग्नू से करें पर्यावरण अध्ययन में मास्टर डिग्री : डा. धर्म पाल

नरवाना/नरेन्द्र जेठी: इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक व प्रभारी डा. धर्म पाल ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से इच्छुक विद्यार्थी एमए (पर्यावरण अध्ययन) पाठ्यक्रम कर सकते हैं। पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन वैश्विक घटनाएं हैं, जहां दुनिया के एक हिस्से में हुई क्रिया दुनिया भर में पारिस्थितिक तंत्र और आबादी को प्रभावित करती है। प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र का वर्तमान क्षरण पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी, जैव विविधता हानि, आदि के रूप में देखा जाता है। एमए (पर्यावरण अध्ययन) कार्यक्रम एक बहुआयामी और एक अंत:विषय दृष्टिकोण के साथ विभिन्न प्रकार की पर्यावरणीय चिंताओं पर जागरुकता पैदा करना है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप, कार्यक्रम को मॉड्यूलर दृष्टिकोण के साथ पेश किया जा रहा है।

मतदान में टॉप पांच स्थान पर रहने वाली उचाना पंचायत होगी सम्मानित

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

उचाना/नरेन्द्र जेठी : लोकसभा चुनाव में उचाना हलके में मतदान करने के मामले में टॉप-5 स्थान पर रही पंचायतों को उचाना अधिकार मंच सम्मानित करेगा। उचाना अधिकार मंच के अध्यक्ष ज्योति प्रकाश उर्फ जेपी कौशिक ने बताया कि उचाना हलके में मतदान के मामले में जो पंचायत नंबर वन पर होगी उसे 21 हजार रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे नंबर पर रहने वाली ग्राम पंचायत को 11 हजार रुपए, तीसरे स्थान पर रहने वाली को 7100 रुपए, चौथे नंबर पर रहने वाली को 6100 एवं पांचवें स्थान पर रहने वाली ग्राम पंचायत को 5100 रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। वोट हमारा अधिकार होता है। चुनाव में कोशिश होनी चाहिए कि शत प्रतिशत मतदान हो। भविषय में मतदान को लेकर मतदाता, पंचायतें जागरूक बने इसको लेकर इस तरह की शुरूआत की है। जल्द ऐसी पंचायतों को पता करके उनको नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

वोटिंग की गांवों के हिसाब से जानकारी ली जा रही है। 4 जून के बाद हर शनिवार, रविवार को ग्राम पंचायतों को उनके गांव में जाकर सम्मानित किया जाएगा।

बाबा श्रवण नाथ विद्यालय ने लगाई छबील

बाबा श्रवण नाथ विद्यालय की ओर से छबील लगाते सज्जन।

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा : बाबा श्रवण नाथ विद्यालय की तरफ से गर्मी से राहगीरों को राहत दिलाने के मकसद से गर्मी की अधिकता को देखते हुए छबील लगाई गई। इसके साथ ही भारतीय शिक्षा समिति के सचिव भूषण गौतम ने कहा कि देश में पहली बार 50 डिग्री से भी ऊपर तापमान बढ़ रहा है लोगों को गर्मी से बचने के लिए जिंक फूड का उपयोग नहीं करना चाहिए। हल्के से हल्का भोजन करें घर से खाली पेट ना निकले अधिक से अधिक नींबू पानी का प्रयोग करें।

दोपहर में 11 बजे के बाद घर से बाहर न निकले, जहां तक संभव हो सके, अधिक से अधिक घर में ही रहने की कौशिश करें। उन्होंने कहा अधिक गर्मी को देखते हुए अन्य जीव जंतुओं के लिए पानी रखना और उनके लिए खाद्य सामग्री का प्रबंध करना हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह आसपास के जीव जंतुओं का ध्यान रखें और कहां जल्द ही श्री संगमेश्वर सेवादल द्वारा स्योसार जंगल में बंदरों के लिए फल व पानी की व्यवस्था करवाई जाएगी। विद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश कुमारी शर्मा ने भी इस कार्य के लिए भारतीय शिक्षा समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। इस मौके पर भारतीय शिक्षा समिति के सचिव भूषण गौतम, उपसचिव कश्मीरी लाल गर्ग, राज कश्यप व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता(ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	हरि भान दत्त (ऋणदाता), शीलम शुक्ल (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHKNL00001299069	वाका रकबा ग्राम असंध वार्ड नं. 8 दरबारा कालोनी बाकदर 4/486 भाग कुल रकबा 24 कनाल 6 मरला वसीका नं. 3061 1 मुरब्बा नं. 239 किला नं. 5 2 1- करनाल हरियाणा-132001	रु. 21,31,878/- 22, मई 2024	रु. 21,71,250/- / रु. 2,17,130/-	01 जुलाई 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	10 जुलाई 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **09 जुलाई, 2024 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 09 जुलाई, 2024 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल** में या **09 जुलाई, 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **करनाल** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** या अन्य **सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: जून 02, 2024
स्थान: करनाल

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लाट नं. 23, तृतीय मंजिल, शॉल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

जैसे कि गैर प्रदर्शित सम्पत्तियों (एनपीए) वर्गीकृत ऋणों और बैंक से उनके द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा के इंट्रेस्ट और मुख्य पुन: अदायगी में दोषी निम्नलिखित ऋणदाता(ों) को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा सुरक्षित क्रैडिटर के प्रावधान अनुसार उनके अंतिम दिए पते पर सिक्योरिटी इंट्रेस्ट अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण और प्रतिभूतिकरण की धारा 13 (2) के अन्तर्गत उनको नोटिस जारी किया गया था, जो बांटा नहीं गया था उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है।

क्र. सं.	ऋणदाता/सह ऋणदाता/ ग्रांटर का नाम/ (ऋण खाता नं.) एवं पता	प्रतिभूती सम्पत्ति की सम्पत्ति का पता/इनफोर्सड हुई सम्पत्ति	सूचना की तिथि पर जैसे भेजी/आउट स्टैंडिंग सूचना की तिथि	एनपीए तिथि
1.	हिमाचल साल्ट स्पलायर्ज, चंद्र कांता अरोड़ा पत्नी दौलत राम अरोड़ा, अशोक अरोड़ा पुत्र दौलत राम अरोड़ा, नरिंदर अरोड़ा पुत्र दौलत राम अरोड़ा, अनु अरोड़ा पत्नी नरिंदर अरोड़ा, राघव अरोड़ा पुत्र अशोक अरोड़ा, अतुल अरोड़ा पुत्र अशोक अरोड़ा, मिन्नी अरोड़ा पत्नी अशोक अरोड़ा, सुमेध अरोड़ा पुत्र नरिंदर अरोड़ा, चंद्र कांता अरोड़ा पत्नी दौलत राम अरोड़ा, 050705003972, पार्टनरशिप फर्म चंद्र कांता अरोड़ा, अशोक अरोड़ा एवं नरिंदर अरोड़ा, बी4/1063/1 अरोड़ा कॉम्प्लैक्स, नजदीक होटल बेलवेट क्लार्क चंडीगढ़ जीरकपुर रोड पंजाब, जीरकपुर-140603	सम्पत्ति माप 2 कनाल-18 मरला, अर्थात 58/975 शेयर भूमि माप 48 कनाल-15 मरला शामिल सेल डीड नं. 5534 तिथि 02.02.1994, खता नं. 58/71, खसरा नं. 15, किला नं. 3 (2-10), 7/1(5-2), एवं खता नं. 146/171, खसरा नं. 4 किला नं. 12/2(5-1), 19(2-18) एवं खता नं. 456/586, खसरा नं 4, किला नं. 13/1(4-0), 18/2(4-0) एवं खता नं. 629/803, खसरा नं. 4, किला नं. 23(6-14), 24/1(3-1), 24/2(4-19), खसरा नं. 15, किला नं. 4(7-19), 5/1 (2-11) जैसे जमाबंदी वर्ष 1979-1980 के लिए रेवेन्यू एस्टेट गांव भबात में स्थित, हदबस्त नं. 234, ओल्ड तहसील खरड़ एंड ओल्ड डिस्ट्रिक रोपड़, न्यू एम.सी. एंड सब तहसील जीरकपुर, न्यू डिस्ट्रिक एस.ए.एस. नगर, चंडीगढ़, पंजाब।	06/05/2024 रु. 1,24,20,547.00/-	27/03/2024
2.	सुश्री रामनिवास हंसराज, सुमन बंसल, सुरेश कुमार, सुरेश कुमार पुत्र रामेश्वर दास, 211105500219, प्रोपराइटर सुरेश कुमार द्वारा प्रतिनिधित्व शॉप नं. 212, न्यू ग्रेन मार्केट चरखी दादरी, जिला भिवानी, भिवानी-127306	सम्पत्ति बेयरिंग शॉप नं. 212 माप 111.11 स्का. यार्ड अनाज मंडी में स्थित, चरखी दादरी, जिला भिवानी, हरियाणा।	18/04/2024 रु. 1,29,71,174.00/-	23/02/2024
3.	नवकार कॉटन मिल, हर्ष कुमार, मोहित गर्ग, शिम्पी गर्ग, सुनीता रानी, साहिल अरोड़ा, मैसर्ज श्री स्वर्ण ऑयल मिल, दीपक कुमार, शिवानी गर्ग उर्फ शिवानी रानी, नरेश कुमार, डुंगर लाल, सुनीता रानी पत्नी अमरजीत बजाज, सुनीता रानी पत्नी अमरजीत बजाज, रोजली गर्ग पुत्री तरसेम कुमार 603090016722, पार्टनर साहिल अरोड़ा, हर्ष कुमार, मोहित गर्ग, शिम्पी गर्ग एवं सुनीता रानी द्वारा प्रतिनिधित्व कालांवाली रोरी रोड, गांव ताएउआना, सिरसा, कालांवाली, हरियाणा, कालांवाली-125201.	सम्पत्ति बेयरिंग प्लाट 31 कनाल 09 मरला बीइंग 629/6810 340 कनाल 10 मरले का शेयर शामिल खेवट नं. 572, खतौनी नं. 873 एवं 874 वाइड जमाबंदी वर्ष 2017-2018 के लिए, रेवेन्यू एस्टेट गांव तारुआना में स्थित, तहसील कालांवाली, जिला सिरसा, हरियाणा।	08/04/2024 रु. 49,63,229.00/-	29/01/2024
4.	रमनीक इंटरप्राइसेज़, अनीता, धर्म सिंह, 024705004936, प्रोपराइटर धर्म सिंह द्वारा प्रतिनिधित्व केसर नगर कालोनी, जगाधरी, यमुनानगर, हरियाणा यमुनानगर-135003	सम्पत्ति बेयरिंग प्लाट नं. 104, खेवट एवं खतौनी नं. 1462/1708, खसरा नं. 18//3/1, 7/133 6 कनाल 13 मरले का शेयर बाकदर 7 मरले= 223.33 स्का. यार्ड वाका मौजा जगाधरी, केसर नगर नजदीक अमर विहार, जगाधरी, हदबस्त नं. 400, जैसे जमाबंदी वर्ष 2014-2015 के लिए, तहसील जगाधरी, जिला यमुना नगर, हरियाणा एवं सम्पत्ति बेयरिंग प्लाट नं. 105, खेवट एवं खतौनी नं. 1410/1666, खसरा नं. 18//3/1, रकबा 223 स्का. यार्ड, वाका मौजा जगाधरी, हदबस्त नं. 400, मोसुमा केसर नगर नजदीक ऊधमगढ़ की टापरिया, जगाधरी, तहसील जगाधरी, जिला यमुना नगर, हरियाणा।	20/04/2024 रु. 43,47,116.00/-	29/01/2024

नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त ऋणदाता(ों) और/ या उनके ग्रांटरों को सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिनों के भीतर-भीतर ख